Name		Roll Number	

SET A

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
ANNUAL EXAMINATION 2019-20

HINDI (SECOND LANGUAGE)

Code:MYHN204

CLASS: VII — Time Allotted: 2 ½ Hrs.

12.03.2020 — Max .Marks: 80

निर्देश :

* इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।
* इस प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं।
* प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।
* हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।

खण्ड (क) पदय व गदय

Marks

प्रश्न 1. दिए गए शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए। **3×1=3**

1) कसौटी 2) ऐंठा 3) दिवस

प्रश्न 2. निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **4×1=4**

(क) **तरूवर फल नहिं खात है, सरवर पियत न पान।**
कहि रहीम परकाज हित, संपति- संचहिं सुजान।।

1) 'तरूवर' दूसरों को क्या देते हैं?
2) 'सुजान' किस चीज़ का संचय नहीं करते हैं?
3) 'सरवर' संसार के लिए क्या करते हैं?
4) उपरोक्त पंक्तियाँ किसके द्वारा कही गई है?

(ख) **"सूरज का ताप उन पर पड़ रहा था, पर दोनों का ध्यान यासुकी- चान के ऊपर तक पहुँचने में रमा था।"** **4×1=4**

1) सूरज का ताप किस पर पड़ रहा था?

2) उन दोनों का ध्यान कहाँ था?

3) 'ताप' का क्या अर्थ है?

4) 'ऊपर तक पहुँचने में' -कहाँ तक पहुँचने के लिए कहा गया है?

प्रश्न 3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। **5×1=5**

1) पानी मछलियों का मोह कब छोड़ देता है?

2) तोत्तो- चान के पेड़ की द्विशाखा कैसी थी?

3) दिव्या को अस्पताल क्यों लाया गया था?

4) तोमोए का हर बच्चा क्या मानता था?

5) पौष्टिक आहार से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए। (Any 3) **3×3=9**

1) 'एक तिनका' शीर्षक कविता के माध्यम से कवि हमें क्या संदेश देना चाहता है?

2) वास्तव में तोत्तो- चान क्या है?

3) पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं? इनसे कैसे बचा जा सकता है?

4) 'प्राण निकले नहीं निकले'।पंक्ति का भाव पठित कहानी 'मिठाईवाला' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए। (Any 5) **5×2=10**

1) खून को 'भानुमति का पिटारा' क्यों कहा जाता है?

2) रहीम ने क्वार मास में गरजने वाले बादलों की तुलना ऐसे व्यक्तियों से क्यों की है जो पहले से धनी थे?

3) तोत्तो- चान चौकीदार के छप्पर से दोबारा क्या लाई और क्यों?

4) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

5) मिठाईवाले की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए?

6) रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए?

खण्ड (ख) व्याकरण

प्रश्न6 (क) निम्नलिखित शब्दों को शुदध करके लिखिए। **4×½=2**

1) पुलकीत 2) सनेह 3) सोभाग्य 4) जलआशय

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। **2×1=2**

1) आप कब वापस लौटेंगे?

2) हमारे घर बहुत से मेहमान आ गया।

प्रश्न7 (क) निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय भेद पहचानकर लिखिए। $4 \times \frac{1}{2} = 2$

1) मुकेश की कार अचानक खराब हो गई।
2) माँ ने कहा कि आज जल्दी घर आ जाना।
3) बाप रे! इतना लंबा साँप।
4) परिश्रम के बिना सफलता असंभव है।

(ख) निम्नलिखित अव्यय शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए। $4 \times 1 = 4$

1) के साथ   2) छि- छि!   3) और   4)तुरंत

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग करके लिखिए। $2 \times 1 = 2$

1) अभाव   2) स्वाभिमान

प्रश्न 9. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर क्रिया भेद का नाम लिखिए। $3 \times 1 = 3$

1) बच्चे पानी पी रहे हैं।
2) मेरी बहन हमारे लिए भोजन बना रही थी।
3) माँ पुत्री से पुस्तक पढ़वाती है।

खण्ड (ग) रचना

प्रश्न 10. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $5 \times 1 = 5$

मनुष्य का जीवन संघर्षों से भरा है। यदि जीवन में संघर्ष और असफलता न हो तो सफलता के आनंद की सच्ची अनुभूति भी नहीं हो सकती। पराजय होने के बाद भाग्य को दोषी ठहराना, पतन की ओर ले जाता है। यदि सच्ची लगन हो और असफलता के कारणों को ढूँढ कर नए उत्साह के साथ ईमानदारी से प्रयास जारी रखें तो सफलता मिलना निश्चित है। निरंतर संघर्ष करने वाला व्यक्ति ही पूरी तरह निखरता है और अंत में उसे सफलता भी मिलती है।

प्रश्न

1) **जीवन में असफलता व संघर्ष न हो तो क्या होगा?**
2) **सच्ची लगन से कार्य करने पर क्या होता है?**
3) **पराजय मिलने के बाद मनुष्य क्या करता है?**
4) **अंत में सफलता किसे मिलती है?**
5) **गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**

प्रश्न 11. दिए गए चित्र को देखकर इसका वर्णन 25-35 शब्दों में कीजिए। 5

प्रश्न 12. पानी को बेकार न बहाने की सलाह देते हुए छोटे भाई के साथ होने वाले संवाद को लिखिए। 5

प्रश्न 13. गरमी की छुट्टियों में दादा जी को मस्कत बुलाने के लिए एक पत्र लिखिए। 5

या

खेल-दिवस के बारे में बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. किसी एक विषय पर लगभग 130-140 शब्दों में निबंध लिखिए। 10

1) जहाँ चाह, वहाँ राह 2) अच्छी मित्रता के लाभ 3) जंगलों की सुरक्षा

End of the question paper.